# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर

**सम्पदा कार्यालय (कक्ष सं.101डी, संकाय भवन) फोन नं. 0512-259-7166**

## नीलामी सूचना संख्या - 25/2019-20

दिनांक: 26.12.2019

निदेशक, भा.प्रौ.सं. कानपुर की ओर से 'जैसा है जहां है' के आधार पर संस्थान के उद्यान विभाग में भारी मात्रा में उपलब्ध **लकड़ियों के बोटों** की नीलामी हेतु मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

जो भी व्यक्ति नीलामी मे भाग लेने के इच्छुक है वे पूर्ण रूप से भरी गई निविदा संस्थान के सम्पदा कार्यालय में दिनांक 14.01.2020 को अपराह्न 3.00 बजे तक जमा कर सकते है। इसके उपरान्त प्राप्त की गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्राप्त निविदाएँ दिनांक 16.01.2020 को अपराह्न 4.00 बजे सम्पदा कार्यालय मे खोली जाएंगी।

निविदा प्रपत्र संस्थान की वैबसाइट www.iitk.ac.in/estateoffice/tender से डाउनलोड किया जा सकता है।

ह.<br>सहायक कुलसचिव एवं<br>प्रभारी अधिकारी (सम्पदा)

**प्रतिलिपि:**

1- उपनिदेशक
2- डीन, प्रशासन
3- अधीक्षण अभियंता (कार्यवाहक), सं. नि. वि. – व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु
4- सूचना पट्ट
5- वैबसाइट

**<u>पात्रता संबंधी शर्तें</u>**

1. निविदादाता पिछले तीन वर्षो से यह कार्य कर रहा हो।
2. निविदादाता की वित्तीय स्थिति बेहतर होनी चाहिए।
3. जी.एस.टी. नंबर / पंजीकरण प्रमाणपत्र होना चाहिए।

**<u>निविदा संबन्धित अनिवार्य संलग्नक</u>**

1. आधार कार्ड की छायाप्रति
2. अनुभव प्रमाणपत्र
3. पिछले एक साल का बैंक विवरण / विगत वर्ष का आयकर रिटर्न
4. आयकर पंजीकरण प्रमाणपत्र / पैन नंबर
5. जी.एस.टी. नंबर / पंजीकरण प्रमाणपत्र

## <u>नीलामी की नियम व शर्तें</u>

1. निविदा को एक सीलबंद लिफाफे में दिया जाना चाहिए तथा लिफाफे के ऊपर साफ-साफ अक्षरों में **"लकड़ियों के बोटों की नीलामी के लिए निविदा"** लिखा होना चाहिए।
2. नीलामी मे भाग लेने के इच्छुक निविदादाता निविदा प्रपत्र के साथ ₹75,000/- का बैंक ड्राफ्ट "रजिस्ट्रार, आई.आई.टी. कानपुर" के नाम बयाने के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है। जो भी निविदादाता ₹75,000/- का बैंक ड्राफ्ट संलग्न नहीं करेगा उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जायगा।
3. इस नीलामी की निर्धारित न्यूनतम बोली ₹6,55,575/- है। इससे कम की निविदा बोली को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. नीलाम की जाने वाली लकड़ियों का विस्तृत ब्योरा व फोटोग्राफ अनुलग्नक-1 के रूप के संलग्न किया गया है। सभी लकड़ियाँ संस्थान के उद्यान विभाग में उपलब्ध है।
5. इच्छुक निविदादाता को सलाह दी जाती है कि उक्त लकड़ियो का भौतिक निरीक्षण करने के पश्चात ही निविदा डाले। भौतिक निरीक्षण के लिए इच्छुक निविदादाता सम्पदा कार्यालय मे संपर्क कर दिनांक 02.01.2020 से 13.01.2020 तक के कार्यदिवसों में पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे के मध्य उक्त लकड़ियों का निरीक्षण कर सकते हैं।
6. इच्छुक निविदादाता पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा एक बंद लिफाफे में सम्पदा कार्यालय में दिनांक 14.01.2020 को अपराह्न 3.00 बजे तक जमा कर सकते है। इसके उपरान्त प्राप्त की गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. प्राप्त निविदाएँ दिनांक 16.01.2020 को अपराह्न 4.00 बजे सम्पदा कार्यालय में खोली जाएंगी।
8. निविदा सफल उच्चतम बोली लगाने वाले निविदादाता को प्रदान की जाएंगी।
9. सफल उच्चतम बोली लगाने वाले निविदादाता को उक्त लकड़ियाँ "जैसे है जहां है" के आधार पर दी जाएगी।
10. सफल निविदादाता, जिसकी निविदा को अंतिम रूप से स्वीकार की जाएगी, को नीलामी की धनराशि संस्थान में ड्राफ्ट या किसी अन्य डिजिटल भुगतान (digital payment) के माध्यम से निविदा अवार्ड होने के सात दिनो के अंदर जमा करना अनिवार्य है। अन्यथा की स्थिति में बयाने की राशि जब्त कर अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।
11. जी.एस.टी. मौजूदा सरकारी दरों के अनुसार निविदादाता को अतिरिक्त देय होगा। कोई अन्य कर जो लागू हो का भुगतान भी अतिरिक्त देय होगा।

12. नीलामी की उक्त लकड़ियाँ, नीलामी धनराशि संस्थान में जमा करने के उपरांत ले जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी। नीलामी की धनराशि जमा करने के 15 दिनों में नीलाम की गई लकड़ियाँ ले जाना अनिवार्य है। अन्यथा की स्थिति मे संस्थान की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी।

13. निविदादाता द्वारा जमा किए गए बयाने की राशि का ड्राफ्ट नीलामी संबन्धित प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद वापस किया जाएगा।

14. सफल उच्चतम बोलीदाता को नीलामी की लकड़ियो को संस्थान से ले जाने / काटने इत्यादि संबन्धित सभी खर्च स्वयं बोलीदाता को वहन करना होगा।

15. लकड़ियों के परिवहन के दौरान यदि संस्थान की किसी संपत्ति को हुए किसी भी नुकसान या हानि को बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।

16. संस्थान के पास पूर्ण अधिकार सुरक्षित है कि वह किसी अथवा सभी निविदा व बोली को बिना कारण बताए स्वीकार करे अथवा न करे।

17. नीलामी के दौरान किसी विवाद के संबंध मे संस्थान के निदेशक का निर्णय सभी निविददाताओं को समान रूप से मान्य होगा।

ह.
सहायक कुलसचिव व
प्रभारी अधिकारी, सम्पदा

मैंने उपरोक्त निविदा कि सभी नियम एवं शर्ते पढ़ ली है तथा यह सभी मेझे पूर्णतया मान्य है।

दिनांक: ....................

बोलीदाता के हस्ताक्षर: ..........................................

बोलीदाता का नाम: ..............................................

पूरा पता: ..........................................................

.........................................................................

टेलीफ़ोन / मोबाइल नं.: .........................................

ईमेल: ................................................................

बोलीदाता
का छायाचित्र

सेवा में,
सहायक कुलसचिव एवं
प्रभारी अधिकारी, सम्पदा कार्यालय
भा.प्रौ.सं. कानपुर

विषय - संस्थान के शैक्षणिक क्षेत्र मे उपलब्ध लकड़ियों के बोटों की नीलामी हेतु निविदा।

महोदय,

मैं नीलामी सूचना संख्या 25/2019-20 दिनाँक 26.12.2019 के संबंध मे अपनी निविदा आपके विचारार्थ प्रस्तुत करता हूँ।

निविदादाता का नाम: ..........................................................................................
पिता का नाम: ..........................................................................................
आयु: ..........................................................................................
पूरा पता: ..........................................................................................
..........................................................................................
टेलीफ़ोन/मोबाइल नं.: ..........................................................................................

क्या आपने रु.75,000/- का बैंक ड्राफ्ट बयाने की राशि के रूप मे इस निविदा के साथ संलग्न किया है? हाँ / नहीं

यदि हाँ तो ड्राफ्ट संख्या ........................ दिनांक .................. एवं बैंक का नाम..............................

| |
|---|
| **उक्त नीलामी की धनराशि जो आप उपरोक्त लकड़ियों के बोटों की खरीद हेतु देना चाहते हैं।**<br>(अंको मे) ..........................................................................................<br>(शब्दों में) .......................................................................................... |
| जी.एस.टी. व अन्य कर मौजूदा सरकारी दरों के अनुसार अतिरिक्त देय है। |

मुझे संस्थान द्वारा रखी गई सभी शर्ते जिसमें निविदाओ का अस्वीकृत होना भी सम्मलित है मान्य है।

दिनांक: .....................

निविदादाता के हस्ताक्षर: ............................................
निविदादाता का नाम: ................................................

**अनुलग्नक-1**

## उपलब्ध लकड़ियों के बोटों का विस्तृत विवरण

| क्र.सं. | लकड़ी की प्रजाति | बोटों की संख्या | कुल आयतन (घन मीटर में) |
|---|---|---|---|
| 1 | शीशम | 518 | 58.85 |
| 2 | सिरस | 20 | 1.918 |
| 3 | बरगद | 02 | 0.145 |
| 4 | यूकेलिप्टस | 92 | 15.975 |
| 5 | जंगल जलेबी | 08 | 0.984 |
| 6 | विलायती बबूल | 05 | 1.497 |
| 7 | बालम खीरा | 05 | 0.414 |
| 8 | बबूल | 08 | 0.807 |
| 9 | पीपल | 06 | 0.807 |
| 10 | गोल्डमोहर | 04 | 0.386 |
| 11 | केसिया | 06 | 0.587 |
| 12 | गूलर | 05 | 1.603 |
| 13 | अमलतास | 03 | 0.262 |
| 14 | नीम | 09 | 1.258 |
| 15 | बाटल ब्रुश | 05 | 0.550 |
| 16 | कंजी | 07 | 1.177 |
| 17 | आम | 36 | 3.463 |
| 18 | विलायती नीम (बकैन) | 04 | 0.286 |

# <u>उपलब्ध लकड़ियो के बोटों के छायाचित्र</u>

(इच्छुक निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह उपलब्ध लकड़ियों के बोटों का भौतिक निरीक्षण करने के उपरांत ही निविदा डाले)















